# कार्यालय वनमण्डलाधिकारी वनमण्डल धार जिला–धार, (म.प्र.)

पता – माण्डव रोड, धार, जिला–धर (म. प्र.) पिन : 454001
E-Mail : dfotdhar@mp.gov.in

क्र0/स्टोर/ 7128 धार, दिनांक 26/08/2025

प्रति,

उप संचालक {विज्ञापन},
जनसंपर्क संचालनालय,
जनसंपर्क परिसर,
बाणगंगा, भोपाल {म0प्र0} ।

विषय :– विज्ञप्ति का प्रकाशन ।

– 0 –

वनमण्डल धार के अंतर्गत चाय, नाश्ता एवं भोजन की व्यवस्था हेतु निविदा आमंत्रित की गई है। कृपया पत्र के साथ संलग्न विज्ञप्ति का कम से कम एक राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र एंव दो राज्य स्तरीय समाचार पत्रों में दिनांक **30/08/2025** के पूर्व कराने का कष्ट करें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

(विजयानन्तम टी.आर.)
भा.व.से.
वनमंडलाधिकारी,
वनमंडल धार

By Email
Date 28/08/25 Time 11:55

पृ.क्रमांक/स्टोर/ 7129 धार, दिनांक 26/08/2025

प्रतिलिपि :–

1. मुख्य वनसंरक्षक,वन वृत्त इन्दौर, की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित ।
2. समस्त उपवनमंडलाधिकारी/परिक्षेत्र अधिकारी, वनमण्डल धार की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

वनमंडलाधिकारी,
वनमंडल धार

Scanned with CamScanner

# कार्यालय वन मण्डल अधिकारी वन मण्डल धार

**माण्डव रोड,धार (म0प्र0) –454001**
Email – dfotdhar@mp.gov.in

## विज्ञप्ति

वन मण्डल धार के अंतर्गत समस्त वन परिक्षैत्रो में चाय,नाश्ता एंव भोजन की व्यवस्था के लिये ई-निविदा आमंत्रित की गई है। जिसका सम्पूर्ण विवरण शर्ते एंव आवश्यक विस्तृत जानकारी म.प्र. शासन की वेबसाईट **https:// mptenders.gov.in** एवं **www.mpforest.gov.in** पर देखी जा सकती है। सूचना प्रकाशन दिनांक से **23-09-2025** तक इच्छुक निविदाकार ई-टेंडर के माध्यम से आनलाईन ई-निविदा प्रेषित कर सकेंगे |

वन मण्डल अधिकारी
वन मण्डल धार

Scanned with CamScanner

# TENDER DOCUMENT
# निविदा दस्तावेज

FOR THE WORK
कार्य हेतु

चाय, नाश्ता एवं भोजन की व्यवस्था

## कार्यालय,
## वनमंडलाधिकारी,
## वनमंडल धार (म.प्र.)

## निविदा आमंत्रण
Date 30/08/2025



Scanned with CamScanner

# कार्यालय वनमण्डलाधिकारी वनमण्डल धार जिला–धार , (म.प्र.)

पता – माण्डव रोड धार जिला–धार (म.प्र.) पिन : 454001
**E-Mail : dfotdhar@mp.gov.in**

क्र0 / स्टोर / 7118 धार,दिनांक 26 / 08 / 2025

## ई–निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन वृत्त इन्दौर के वनमण्डल धार अंतर्गत समस्त वन परिक्षेत्रों में वित्तीय वर्ष 2025–26 (31.03.2026 तक) में चाय, नाश्ता एवं भोजन की व्यवस्था के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, शर्ते एवं विस्तृत जानकारी हेतु म.प्र. शासन की वेबसाईट **https:// mptenders.gov.in** एवं **www.mpforest.gov.in** पर लॉग–ऑन करें।

निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रूपये **500.00** तथा सत्यंकार की राशि रूपये **45000** हैं। निविदा प्रपत्र ऑन–लाईन ही क्रय किया जा सकेंगा एवं निविदा ऑनलाईन ही प्रस्तुत करने पर मान्य होगी।

| क्र. | सामग्री का नाम | सामग्री का विवरण | सत्यंकार की राशि (रू.में) | अनुमानित मात्रा (लाख रू.में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नाश्ता | 1. चाय / कॉफी, बिस्किट, स्नेक्स (समोसा / बड़ा / ब्रेड पकौड़ा / आलू बड़ा / ढोकला) | 3,000/- | 1,00,000/- |
| | | 2. (पोहा जलेबी) / (उपमा / उत्तपम / इडली / डोसा, सांभर, बड़ा, चटनी) / (आलू की सूखी सब्जी, ग्रेवी सब्जी, पुड़ी इत्यादि) | 3,000/- | 1,00,000/- |
| 2 | साधारण थाली | दाल–चावल, सब्जी – सूखी सब्जी, ग्रेवी सब्जी, रोटी–प्लेन रोटी / पराठा, पुड़ी–प्लेन पुड़ी / मेथी मसाला पुड़ी, मीठा – गुलाब जामुन / रसगुल्ला / खीर / हलवा,बुदी रायता, सलाद, अचार, पानी की बॉटल 500 ml इत्यादि | 60,000/- | 20,00,000/- |
| 3 | स्टार्टर | 1. चीज कॉर्न बॉल्स / वेजेटेबल कटलेट्स / वेज स्प्रिंग रोल / पनीर टिक्का / सीक कबाब इत्यादि<br>2. टोमेटो सूप / वेज मनचाउ सूप पानी की बॉटल 500 ml इत्यादि | 3,000/- | 1,00,000/- |
| | स्पेशल थाली | दही बड़ा, सब्जी – मिक्स वेज, पनीर ग्रेवी सब्जी / सूखी सब्जी, चपाती–प्लेन चपाती / नान / बटर नान / लच्छा पराठा / नार्मल पराठा / रूमाली रोटी / मक्के की रोटी / ज्वार की रोटी / गेहु की रोटी, पुड़ी–प्लेन पुड़ी / मेथी मसाला पुड़ी, दाल–चावल / वेज पुलाव, बूंदी रायता / प्लेन रायता / वेजेटेबल रायता, मीठा – गुलाबजामुन / रसगुल्ला / खीर / हलवा, सलाद – 5 वेजेटेबल्स का मिक्स सलाद, अचार, पानी की बॉटल 500 ml इत्यादि | 9,000/- | 3,00,000/- |

निविदा का कुल मूल्य लगभग रूपये 15,00,000 / – हैं। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जाएगी।

| क्र | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Publishing Date | 02.09.2025 | निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** पर दर्शित हैं। |
| 02 | Document Download / Sale Start Date | 02.09.2025 | |
| 03 | Bid Submission Start Date | 02.09.2025 | |
| 04 | Bid Submission Closing Date | 23.09.2025 | |
| 05 | Bid Opening Date | 26.09.2025 | |



Scanned with CamScanner

1. प्रथम निविदा में सामग्री दर यदि मार्केट (बाजार) से अधिक पाई जाती या सामग्री दर वनमंडल के बजट को प्रभावित करती है अथवा सामग्री की दर प्राप्त नहीं होने पर निविदा निरस्त किये जाने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।

(विजयानन्तम टी.आर.)
भा.व.से.
वनमंडलाधिकारी
वनमंडल धार

Scanned with CamScanner

# कार्यालय वनमण्डलाधिकारी वनमण्डल धार म.प्र.

## वर्ष 2025–26 सामग्री प्रदाय हेतु निविदा शर्ते

### भाग–1

1 निविदा प्रपत्र म.प्र.शासन की वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** से डाउनलोड करें।

2 यह निविदा वनमंडल धार में सामग्री क्रय हेतु आमंत्रित की जा रही है।

3 सामग्री क्रय हेतु निविदा को वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** पर ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना है। निविदा में किसी प्रकार के संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जावेगी। निविदा का अनुमानित राशि मूल्य लगभग रूपये 15 **लाख** हैं।

4 निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार हैं:–

| क्र | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Publishing Date | 02.09.2025 | **निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित हैं।** |
| 02 | Document Download / Sale Start Date | 02.09.2025 | |
| 03 | Bid Submission Start Date | 02.09.2025 | |
| 04 | Bid Submission Closing Date | 23.09.2025 | |
| 05 | Bid Opening Date | 26.09.2025 | |

5 चयनित निविदाकार को कार्य आदेश जारी होने के पूर्व रू. 500 के स्टाम्प पेपर पर अनुबंध कर प्रत्येक सामग्री की पृथक–पृथक सत्यंकार की राशि का पृथक–पृथक एफ.डी.आर. वनमंडलाधिकारी वनमंडल धार के पक्ष में जारी कराकर जमा कराना होगा। तदोपरांत ऑनलाईन सत्यंकार की राशि **https://mptenders.gov.in** की वेबसाईट से विमुक्त करने की कार्यवाही की जावेगी। सामग्रीवार सत्यंकार की राशि का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र. | सामग्री का नाम | सामग्री का विवरण | सत्यंकार की राशि (रू.में) | अनुमानित मात्रा (लाख रू.में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नाश्ता | 1. चाय / कॉफी, बिस्किट, स्नेक्स (समोसा / बड़ा / ब्रेड पकौड़ा / आलू बड़ा / ढोकला) | 3,000/- | 1,00,000/- |
| | | 2. (पोहा जलेबी) / (उपमा / उत्तपम / इडली / डोसा, सांभर, बड़ा, चटनी) / (आलू की सूखी सब्जी, ग्रेवी सब्जी, पुड़ी इत्यादि) | 3,000/- | 1,00,000/- |
| 2 | साधारण थाली | दाल–चावल, सब्जी – सूखी सब्जी, ग्रेवी सब्जी, रोटी–प्लेन रोटी / पराठा, पुड़ी–प्लेन पुड़ी / मेथी मसाला पुड़ी, मीठा – गुलाब जामुन / रसगुल्ला / खीर / हलवा,बुदी रायता, सलाद, अचार, पानी की बॉटल 500 ml इत्यादि | 60,000/- | 20,00,000/- |
| 3 | स्टार्टर | 1. चीज कॉर्न बॉल्स / वेजेटेबल कटलेट्स / वेज स्प्रिंग रोल / पनीर टिक्का / सीक कबाब इत्यादि 2. टोमेटो सूप / वेज मनचाउ सूप पानी की बॉटल 500 ml इत्यादि | 3,000/- | 1,00,000/- |
| | स्पेशल थाली | दही बड़ा, सब्जी – मिक्स वेज, पनीर ग्रेवी सब्जी / सूखी सब्जी, चपाती–प्लेन चपाती / नान / बटर नान / लच्छा पराठा / नार्मल पराठा / रूमाली रोटी / मक्के की रोटी / ज्वार की रोटी / गेहु की रोटी, पुड़ी–प्लेन पुड़ी / मेथी मसाला पुड़ी, दाल–चावल / वेज पुलाव, बूंदी रायता / प्लेन रायता / वेजेटेबल रायता, मीठा – गुलाबजामुन / रसगुल्ला / खीर / हलवा, सलाद – 5 वेजेटेबल्स का मिक्स सलाद, अचार, पानी की बॉटल 500 ml इत्यादि | 9,000/- | 3,00,000/- |



Scanned with CamScanner

6 यदि निविदा खुलने की दिनांक को अपरिहार्य कारणों से यदि निविदा खोली नहीं जा सकती है तो निविदांए आगामी कार्यदिवस पर दोपहर 03:30 बजे पर खोली जायेगी।

7 **प्रकिया–1:** निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये राशि 500.00 (रूपयेः पांच सौ रूपये मात्र) हैं तथा सुरक्षा सत्यंकार की राशि रूपये **45000** (रूपयेः **पैतालिस हजार रूपये मात्र**) हैं। इन्हें ऑनलाईन जमा किया जाना हैं। जमा की दोनों रसीदों को निविदा के साथ अपलोड करना हैं। उपरोक्तानुसार निविदा प्रपत्र की मूल्य एवं सुरक्षा निधि राशि प्राप्त होने पर ही फर्म को प्रक्रिया–2 के लिए योग्य माना जायेगा।

8 **प्रक्रिया–2:** तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया–1 में योग्य पायी जाने वाली फर्मो की ही तकनीकी निविदा **(Technical Bid)** देखी जावेगी। तकनीकी निविदा के भाग–2 में दर्शित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित दस्तावेज स्केन कर अपलोड किये जाने हैं।

9 **प्रक्रिया–3:** तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया–2 में योग्य पायी जाने वाली फर्मो की ही वित्तीय निविदा **(Finical Bid)** खोली जावेगी। तकनीकी निविदा में भाग–2 में दर्शित दस्तावेज, फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित दस्तावेज स्केन कर अपलोड किये जाने हैं। वित्तीय निविदा **(Finical Bid)** को एक्सेल शीट **BOQ File** में ऑनलाईन प्रस्तुत किया जाना है।

10 नाश्ता एंव भोजन सामग्री के टोटल का **L-1** स्वीकृत किया जायेगा न की पृथक पृथक सामग्री का ।

(विजयानन्तम टी.आर.)
भा.व.से.
वनमंडलाधिकारी
वनमंडल धार

Scanned with CamScanner

# भाग–2
## तकनीकी निविदा की अर्हकारी शर्त

1 संस्था द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्षो ( 2021–22,2022–23,2023–24) में शासकीय विभाग हेतु उपयोगी निविदा में दर्शित सामग्री का प्रदाय किया हों। संबंधित विभाग का कार्य आदेश की छायाप्रति प्रमाण स्वरूप अपलोड करें। (ग्राम पंचायत का कार्य आदेश मान्य नही है)

2 पिछले प्रत्येक वित्तीय वर्षो (2021–22,2022–23,2023–24) में चाय, नाश्ता एवं भोजन की व्यवस्था हेतु न्यूनतम 5 लाख प्रतिवर्ष का टर्न ओवर होना अनिवार्य हैं। **फर्म के टर्न ओवर की चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य हैं। इन वर्षो के अंकेक्षित लेखे/बैलैन्सशीट भी संलग्न करें।**

3 निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लेक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत् निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो रूपये 100.00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर अपलोड करें। **(निविदा में दिए प्रारूप अनुसार)**

4 निविदा के साथ निम्नांकित दस्तावेजों की स्केन प्रति जिस पर फर्म के सील सहित हस्ताक्षर होने चाहिए निविदा के साथ अपलोड करें:–

(क) फर्म की जी.एस.टी.प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।

(ख) आयकर कार्ड (Pan Card) की छायाप्रति संलग्न करें।

(ग) फर्म का वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।

5 पिछले तीन ऐसेसमेंन्ट वर्ष (2021–22,2022–23,2023–24) का इनकम टैक्स रिटर्न (ITR) जमा प्रमाण पत्र की छायाप्रति अपलोड करें।

6 निविदा केवल ऑनलाईन ही स्वीकार की जावेगी। प्रपत्र का मूल्य रूपये 500.00 वापसी योग्य नहीं हैं।

7 यदि निविदा की शर्तो एवं दिनांक में यदि कोई संशोधन किये जाने की स्थिति निर्मित होती है तो इसकी सूचना वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** के माध्यम से ही ऑनलाईन दी जावेगी। इस हेतु पृथक से समाचार पत्रों में संशोधन की सूचना जारी नहीं की जावेगी।

Scanned with CamScanner

## निम्नानुसार दस्तावेजों, फर्म की सील एवं हस्ताक्षर सहित स्केन कापी अपलोड की जाना हैं।

| क्र. | विवरण |
|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 500.00 (रूपयेः पांच सौ मात्र) जमा की रसीद |
| 2 | सत्यंकार की राशि रूपये **45000** (रूपयेः **पैंतालिस हजार रूपये मात्र**) जमा की रसीद |
| 3 | संस्था द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्षो में मान्यता प्राप्त संस्था के उपयोग हेतु निविदा में दर्शित सामग्री प्रदाय किया हो। संबंधित संस्था का कार्य आदेश/प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रमाण स्वरूप अपलोड करें। |
| 4 | पिछले तीन प्रत्येक वित्तीय वर्षो (2021–22,2022–23,2023–24) में चाय, नाश्ता एवं भोजन की व्यवस्था हेतु न्यूनतम 5 लाख प्रतिवर्ष का टर्न ओवर होना अनिवार्य हैं। **फर्म के टर्न ओवर की चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य हैं। इन वर्षो के अंकेक्षित लेखे/बैलैन्स शीट भी संलग्न करें।** |
| 5 | निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लेक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत् निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो रूपये 100.00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर अपलोड करें। **(निविदा में दिए प्रारूप अनुसार)** |
| 6 | फर्म की जी.एस.टी. प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें। |
| 7 | आयकर कार्ड (Pan Card) की छायाप्रति संलग्न करें। |
| 8 | फर्म का वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें। |
| 9 | पिछले तीन ऐसेसमेंन्ट वर्ष (2021–22,2022–23,2023–24) का इनकम टैक्स रिटर्न (ITR)जमा प्रमाण पत्र की छायाप्रति अपलोड करें। |
| 10 | प्रपत्र ए–1 (निविदा प्रपत्र) |

Scanned with CamScanner

# भाग–3
## निविदा की अन्य शर्ते

1 सफल निविदाकर्ता को वन विभाग, वनमंडल धार के साथ एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा। अनुबंध की शर्तो के उल्लंघन पर सत्यंकार की राशि को जब्त किया जा सकेगा।

2 निविदा में सर्वप्रथम धार जिले के निविदाकारों को प्राथमिकता दी जावेगी। पात्र पाई गयी संस्था से प्रथमतः वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए अनुबंध किया जाएगा।

3 वन विभाग, वनमंडल धार द्वारा फर्म की कार्य क्षमता एवं गुणवत्ता को देखते हुए, अनुबंध की अवधि को आपसी सहमति से अधिकतम 90 दिवस तक के लिए बढ़ाया भी जा सकता है।

4 दोनों पक्षों में से यदि कोई भी पक्ष निविदा समाप्त करना चाहता है तो उसे न्यूनतम 03 माह की पूर्व सूचना देना आवश्यक हैं।

5 ऑनलाईन निविदा डालने हेतु सत्यंकार की राशि 45000/– जमा करना होगा। निविदा में सफल निविदाकार की न्यूनतम दर प्राप्त होने के पश्चात् न्यूनतम दर सामग्री के लिए भाग–1 में उल्लेखित तालिका अनुसार पृथक–पृथक सामग्रीवार सत्यंकार की राशि जमा होगी। जो किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से एफ.डी.आर/ड्राफ्ट/बैकर्स चैक के रूप में वनमंडलाधिकारी, वनमंडल धार के पक्ष में होगी।

6 सामग्री का प्रदाय संतोषजनक न होने या सफल निविदाकर्ता द्वारा शर्तो का पालन नहीं करने की स्थिति में सफल निविदाकर्ता का आदेश वन विभाग, वनमंडल धार द्वारा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है एवं धरोहर राशि जब्त की जावेगी। इसमें जो भी आर्थिक हानि होगी उसकी वसूली स्वीकृत निविदाकर्ता से की जावेगी। ऐसी परिस्थिति में भुगतान से कटौती का अधिकार वनमंडलाधिकारी, वनमंडल धार के विवेकाधिकार पर सुरक्षित रहेगा।

7 त्रृटिपूर्ण सामग्री प्रदाय या विलम्ब से सामग्री प्रदाय करने पर निम्नानुसार दंड अधिरोपित किया जा सकेगा।

क. त्रुटिः– प्रति त्रुटि पर प्रति युनिट की दर का 50 प्रतिशत होगा।

ख. विलम्बः– देयक की कुल राशि का 0.5 प्रतिशत प्रति सप्ताह रहेगा।

(दंड अधिरोपित करने का निर्णय वनमंडलाधिकारी, वनमंडल धार के विवेकाधीन होगा।)

8 निविदा में स्वीकृत आईटम्स परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा आदेशित की जावेगी एवं आईटम्स में किसी प्रकार की समस्या खाने की गुणवत्ता में कमी आने पर संबंधित द्वारा कार्यवाही की जावेगी।

9 प्रदाय हेतु ई–निविदा में दर्शित आईटम्स/मात्रा पूर्णतः अनुमानित है, जिसमें परिवर्तन हो सकता है। आईटम्स/मात्रा परिवर्तन से संबंधित कोई भी विवाद मान्य नहीं होगा। निविदा में दर्शित सामग्री क्रय करने अथवा नहीं करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।

10 निविदा दरें कार्य स्थल तक परिवहन, लोडिंग एवं अनलोडिंग, बुफे (Buffet) का सेटअप, गर्म भोजन सर्व करने हेतु पर्याप्त कर्मचारियों की टीम होनी चाहिये।

11 स्वीकृत निविदा के अनुसार जरूरत होने पर दर्शित आईटम्स पार्सल के रूप में भी प्रदाय करना होगा। पॉलिथीन बैग व प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे।

12 निविदाकार द्वारा भोजन बनाने वाले कर्मचारियों का ड्रेस कोड होना चाहिये जिसमें सभी को समान रंग की वर्दी, हेण्ड ग्लब्स और केप के साथ उपस्थित होना होगा एवं जरूरत होने पर हेण्ड वास की व्यवस्था करनी होगी। किसी भी ऐसे कर्मचारी जो कि तम्बाकू, बीड़ी, ऐल्कोहल का सेवन किया हो कार्यक्षेत्र में कार्य हेतु शामिल/उपस्थित नहीं होना चाहिये।

13 निविदाकार द्वारा कार्यक्षेत्र में होने वाले कचरे को एकत्रित कर स्वयं ही बाहर ले जाकर डस्टबीन में डाले। शासकीय केम्पस में किसी भी प्रकार का कचरा डम्प नहीं किया जायेगा।

14 भुगतान राशि से नियमानुसार समस्त देय करों की कटौती की जावेगी ।

15 निविदाकार की फर्म पंजीकृत होना अनिवार्य है। पंजीयन निविदा प्रकाशन के पूर्व का होना अनिवार्य है। उसके पास जी.एस.टी. नंबर होना चाहिये। फर्म पंजीकरण प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

16 निविदाकार को कार्यशील E-mail ID एवं Whatsapp नम्बर दिया जाना आवश्यक होगा जिस पर प्राधिकृत अधिकारियों से सामग्री का प्रदाय आदेश जारी होने के 01 दिवस के भीतर आईटम्स का प्रदाय



Scanned with CamScanner

करना होगा। यदि समयावधि में सामग्री का प्रदाय करना नहीं पाया गया एवं सामग्री के अभाव में शासकीय कार्य बाधित होने पर सामग्री स्थानीय स्तर पर अन्य किसी अन्य फर्म से उसी दर या उससे कम दर पर क्रय की कार्यवाही की जावेगी। जिसका अधिकार वनमंडलाधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा। ताकि शासकीय कार्य प्रभावित न हो।

17 सामग्री की क्वालिटी एवं मात्रा का सत्यापन उपवनमंडलाधिकारी/परिक्षेत्राधिकारी द्वारा किया जावेगा। सत्यापित मात्रा के अनुसार ही भुगतान होगा ।

18 प्रदाय स्थल पर सामग्री को ऐसा रखा जाये जो स्वच्छ, साफ–सुथरा हो।

19 सफल निविदाकार द्वारा इन शर्तो में से किसी का भी उल्लंघन करने पर या शासन को क्षति होने पर प्रतिभूति की राशि राजसात कर ली जावेगी तथा प्रदायकर्ता का नाम काली सूची में दर्ज करने एवं निविदा करारनामा समाप्त करने की कार्यवाही की जावेगी।

20 निविदा पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकृत/अस्वीकृत करने तथा किसी भी स्तर पर सकारण निरस्त करने का पूर्ण अधिकार वन विभाग, वनमंडल धार के पास सुरक्षित रहेगा।

21 निविदा दर स्वीकृत होने पर 500/– रू. का स्टाम्प पेपर पर अनुबंध किया जाना होगा।

22 जो निविदा मान्य नहीं होगी उनकी संत्यकार राशि नियम अनुसार लौटा दी जावेगी।

23 स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई धरोहर राशि पर किसी भी प्रकार की ब्याज देय नहीं होगा।

24 निविदाकार द्वारा सभी मूल सामग्री ताजा होनी चाहिये। खाद्य सामग्री ISO मार्क एवं FSSAI Certified और ब्रान्डेड होनी चाहिये।

25 अधोहस्ताक्षरकर्ता को निविदाएं बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा, जिसके लिए वह किसी के समक्ष उत्तरदायी नहीं होगा तथा निविदा दर बाजार दर से अधिक होने या बजट में प्रभाव होने पर पुनः विचार किया जावेगा।

26 निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation) का प्रश्न उपस्थित होने पर वन विभाग, वनमंडलाधिकारी वनमंडल धार का निर्णय अंतिम होगा।

27 निविदा विषयक विवाद में अंतिम निर्णय वन विभाग, वनमंडलाधिकारी, वनमंडल धार का होगा।

28 परिक्षेत्र अधिकारी (सा.) द्वारा एक दिन पूर्व भोजन व्यवस्था के लिये आदेश किया जायेगा। समस्त परिक्षेत्रों में किसी भी स्थान पर भोजन की व्यवस्था करनी होगी एवं सामान का विशेष ध्यान रखना होगा।

29 किसी भी तरह के विवाद के लिए न्यायालय क्षेत्र धार न्यायालय के अंतर्गत रहेगा।

30 स्वीकृत निविदाकार द्वारा वर्क आर्डर आने के बाद 7 दिवस में सामग्री की आपूर्ति पूरी नही की जाती है, तो निविदाकर्ता को सूचनापत्र दिया जायेगा और 3 दिवस के अंदर आपूर्ति करना होगा । उसके बाद भी आपूर्ति नही की जाने पर दोबारा 3 दिवस का समय दिया जायेगा । इस अंतराल के उपरांत अन्य निविदाकारों से L-2, L-3 या बाजार से आदि के क्रम में L-1 रेट पर सहमति लेकर सामग्री का शेष भाग खरीदने की कार्यवाही की जायेगी ।

(विजयानन्तम टी.आर.)
भा.व.से.
वनमंडलाधिकारी
वनमंडल धार

Scanned with CamScanner

## प्रपत्र ए–1
## (निविदा प्रपत्र)

प्रति,

वनमंडलाधिकारी,
वनमंडल धार

विषयः– सामग्री क्रय हेतु निविदा वर्ष 2025–26 बाबत्।

––00––

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार हैः–

| क्र. | विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | फर्म का नाम | |
| 2 | पत्र व्यवहार का पता | |
| 3 | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 4 | पदनाम | |
| 5 | दूरभाष नम्बर (मोबाईल एवं लेडंलाईन) | |
| 6 | निविदाकार का कार्यशील ई–मेल आई.डी. एवं व्हाट्स–एप नम्बर | |

## प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि निविदा के भाग "1", "2", "3" में दर्शित शर्तो के अनुसार उपयोगी ई–निविदा में दर्शित सामग्री क्रय हेतु निविदा वर्ष–2025–26 का कार्य पूर्णतः करने को अपनी सहमति प्रदान करते है।

**फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील**



Scanned with CamScanner

# निविदा वर्ष–2025–26

## शपथ पत्र

## रूपये 100.00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी से सत्यापित

मैं ................................................................................ द्वारा प्रोप्राइटर मेसर्स.........................................................
निम्नलिखित कथन शपथ लेकर कहता हूँ किः–

1. यह कि फर्म को किसी भी शासकीय संस्था/उपक्रम से कभी भी ब्लेकलिस्टेड नहीं किया गया हैं।
2. यह कि फर्म को उपयोगी सामग्री (आंमत्रित निविदा में दर्शित सामग्री) प्रदाय संबंधी कोई कानूनी विवाद में न्यायालय द्वारा दडिंत नही किया गया हैं।
3. यह कि फर्म को किसी शासकीय संस्था/उपक्रम/बैंक से दिवालिया घोषित नहीं किया गया हैं।
4. यह कि निविदा में प्रस्तुत अथवा शपथ पत्र में पाई गई जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरी निविदा को निरस्त करने तथा सुरक्षा निधि जप्त करने का अधिकार वनमंडलाधिकारी, दक्षिण बैतूल (सा.) वनमंडल को होगा।

**शपथग्रहिता**

## सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथग्रहिता सत्यापित करता हूँ कि मेरे द्वारा निष्पादित उक्त शपथ पत्र के बिन्दू (1) से (4) में वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान व विश्वास अनुसार पूर्ण सत्य हैं।

**शपथग्रहिता**

Scanned with CamScanner

# अनुलग्नक – 1

प्रारूपः स्वघोषणा – काली सूची में दर्ज नही होने संबंधित प्रमाण पत्र
रूपये 100 के स्टाम्प पेपर पर प्रस्तुत किया जाना है

दिनांकः.........................

सेवा में,

वनमंडल अधिकारी,
वन मण्डल धार,
जिला धार, मध्यप्रदेश

महोदय,

दिनांक ..............................................के निविदा संदर्भ संख्या................................................................ के प्रत्युत्तर में, ........................................................................के स्वामी / भागीदार / निदेशक के रूप में, मैं / हम घोषणा करते हैं कि वर्तमान में हमारी कंपनी / फर्म ........................................................................................ का रिकार्ड बेदाग है तथा उसे किसी भी राज्य / केंद्र सरकार / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा अनिश्चित काल के लिए या किसी विशेष अवधि के लिए भ्रष्ट और धोखा धड़ीपूर्ण कार्यों के लिए अयोग्य घोषित नहीं किया गया है।

हम आगे घोषणा करते हैं कि वर्तमान में हमारी कंपनी / फर्म........................................................................ ..........................................................................................................निविदा प्रस्तुत करने की तिथि पर किसी भी राज्य/केन्द्र सरकार /सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा भ्रष्ट और धोखाधड़ी पूर्ण व्यवहार के अलावा अन्य कारणों से काली सूची में नहीं डाली गई है और न ही अयोग्य घोषित की गई है।

यदि यह घोषणा गलत पाई जाती है तो किसी भी अन्य कार्रवाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, मेरी/हमारी प्रतिभूति पूर्णतः जब्त कर ली जाएगी तथा निविदा, यदि कोई हो, को स्वीकार की गई सीमा तक रद्द कर दिया जाएगा।

आपका धन्यवाद,

निविदाकार का नामः

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ताः –

संगठन की मुहरः –

दिनांक : ...................................

स्थान : ...................................

Scanned with CamScanner

# अनुलग्नक – 2

## प्रारूपः निविदा में भाग लेने वाले व्यक्ति / फर्म का विवरण स्वघोषणा

1. निविदाकार / फर्म का नाम :– ....................................................................................

2. पिता का नाम :– ....................................................................................

3. स्थायी पता मकान क्रमांक :– ....................................................................................

गली क्रमांक :– ....................................................................................

स्थान :– ....................................................................................

जिला :– .................................................. पिन कोड :– ..................................................

4. कार्यालय का पता :– ....................................................................................

गली क्रमांक :– ....................................................................................

स्थान :– ....................................................................................

जिला :– .................................................. पिन कोड :– ..................................................

5. सत्यांकार राशि (ई.एम.डी.) का विवरण प्रकार – एफ.डी.आर/बैंक गारंटी :– ..................................................

संख्या दिनांक :– ....................................................................................

राशि :– ....................................................................................

बैंक का नाम :– ....................................................................................

6. जी.एस.टी. नम्बर :– ....................................................................................

**निविदाकार के हस्ताक्षर**

## घोषणा

मैं, .................................................. पिता/पति ....................................................................................

घोषणा करता हूँ कि ऊपर दी गई जानकारी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान के अनुसार सही है। यदि उपरोक्त जानकारी में कोई विसंगति पाई जाती है, तो उसके लिए मैं पूरी तरह जिम्मेदार रहूँगा। मैंने निविदा दस्तावेज की सभी शर्तों, नियमों और आवश्यकताओं को पढ़ और समझ लिया है और उनका पालन करने की शपथ लेता हूँ ।

**निविदाकार के हस्ताक्षर**



Scanned with CamScanner

# अनुलग्नक – 5

स्वीकृति पत्र क्रमांक

क्रमांक ....................

दिनांक

प्रति,

मेसर्स ....................................................................................

(निविदाकार का नाम और पता)

विषयः

–:00:–

प्रिय श्री, ....................................................................

उपरोक्त कार्य के लिए आपकी बोली मध्य प्रदेश के राज्यपाल की ओर से मात्रा बिल और उसमें दी गई मदवार दरों के बराबर स्वीकार कर ली गई है। सामग्री का विवरण निम्नानुसार है। –

| क्र. | सामग्री / कार्य का नाम और विवरण | सामग्री / कार्य की मात्रा | स्वीकृत दर (रूपये में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| | | | |

आप इस पत्र के जारी होने की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करें:–

क. रूपये.............................................................................................................................................

रूपये .................................................................. (आंकड़ों में) की निष्पादन सुरक्षा / निष्पादन गारंटी (रुपये ..................................................................................................... केवल शब्दों में)। निष्पादन सुरक्षा किसी भी राष्ट्रीयकृत / अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक की सावधि जमा / बैंक गारंटी की रसीद के रूप में होगी जो वस्तुओं की आपूर्ति के तीन महीने बाद तक वैध होगी, ......................... ................................................ के नाम पर प्रतिज्ञा।

ख. अनुबंध समझौते पर हस्ताक्षर करें।

**भवदीय**



Scanned with CamScanner